'रबी फसल बोने में उन्नत बीज व एन.पी.के.उर्वरक का उपयोग करें'

बीकानेर, (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अनुसंधान केन्द्र में सोमवार को मासिक तकनीकी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस दौरान अतिरिक्त निदेशक कृषि (विस्तार) त्रिलोक कुमार जोशी व कृषि अनुसंधान केन्द्र के क्षेत्रीय

- **फसलों में संतुलित पोषण के लिए डीएपी के बजाय एन पी के (नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटाश) ग्रेड्स उर्वरक अधिक उपयुक्त है**

अनुसंधान निदेशक डॉ एच. एल. देशवाल ने इसकी अध्यक्षता की। अतिरिक्त निदेशक कृषि ने बताया कि एसएसपी फॉस्फोरस युक्त उर्वरक है, जिसमें 16 प्रतिशत फॉस्फोरस एवं 11 प्रतिशत सल्फर पाया जाता है। इसमें उपलब्ध सल्फर के कारण यह उर्वरक तिलहन एवं दलहन फसलों के लिये अन्य उर्वरकों की अपेक्षा अधिक लाभदायक होता है।

मासिक तकनीकी कार्यशाला में खण्ड बीकानेर, चूरू व जैसलमेर के कृषि, उद्यानिकी, आत्मा के वरिष्ठ अधिकारी व विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों ने भाग लिया। मासिक तकनीकी कार्यशाला में अक्टूबर में की गई कृषि क्रियाओं की प्रगति पर समीक्षा की गई। नवम्बर में कृषकों द्वारा की जाने वाली कृषि व उद्यानिकी तकनीकी पर चर्चा की गई। कृषि वैज्ञानिक अमर सिंह गोदारा ने रबी फसलों की विभिन्न उन्नत किस्में व शष्य क्रियाओं पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि एसएसपी उर्वरक का उत्पादन राज्य में होने के कारण यह आसानी से उपलब्ध है। एक बैग डीएपी की कीमत में तीन बैग एसएसपी खरीदे जा सकते हैं। तीन बैग एसएसपी से मिलने वाले पोषक तत्वों का मूल्य लगभग 1900 रूपए होता है, जो एक बैग डीएपी में मिलने वाले पोषक तत्वों के मूल्य 1350 रूपए से अधिक है। एसएसपी के साथ यूरिया का उपयोग कर फसल बुवाई के समय आवश्यक नाइट्रोजन, फॉस्फोरस एवं सल्फर पोषक तत्वों की पूर्ति कम लागत में ही आसानी से की जा सकती है। फसलों में संतुलित पोषण के लिए डीएपी के बजाय एन पी के (नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटाश) ग्रेड्स उर्वरक अधिक उपयुक्त है। मृदा की उर्वरा क्षमता बनाये रखने एवं फसल का समुचित उत्पादन लेने हेतु मृदा परीक्षण के आधार पर की गई अनुशंषा एवं फसल अवस्था अनुसार उपयुक्त ग्रेड के एन. पी. के. उर्वरक का उपयोग किया जाए। एन. पी. के. उर्वरकों की उपलब्ध ग्रेड्स 12:32:16, 20:20:0,20:20:20, 16:16:16,15:15:15, 20:20:0:13, 19:19:19 आदि हैं। कीट वैज्ञानिक डॉ देशवाल ने रबी फसलों में कीट नियंत्रण पर व्याख्यान दिया। पौध व्याधि वैज्ञानिक डॉ. दाताराम ने रबी फसलों में पौध व्याधि नियंत्रण के बारे में बताया। संयुक्त निदेशक कृषि मदन लाल, संयुक्त निदेशक उद्यान डॉ. दयाशंकर शर्मा, संयुक्त निदेशक कृषि चूरू राजकुमार कुलहरि के साथ संभाग के कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों ने इसमें भाग लिया।



राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के अनुसंधान केन्द्र में आयोजित कृषि मासिक तकनीकी कार्यशाला को अतिरिक्त निदेशक कृषि (विस्तार) त्रिलोक कुमार जोशी ने संबोधित किया।

एमएसपी पर नरमे की खरीद शुरू

सूरतगढ़,(कासं)। किसानों के धरने और धानमंडी गेट के तालाबंदी के बाद हरकत में आई सीसीआई ने सोमवार से नरमे की एमएसपी पर खरीद शुरू कर दी है। सीसीआई ने पहले दिन सारड़ा कॉटन फैक्ट्री में 4 किसानों का 100 क्विंटल नरमा एमएसपी पर खरीदा।

सीसीआई के क्षेत्रीय अधिकारी राकेश मीणा ने बताया कि नरमे की खरीद का शुभारंभ सरकार द्वारा पंजीकृत सारड़ा कॉटन फैक्ट्री से किया गया। इस दौरान कृषि उपज मंडी समिति सचिव विकास सारण, फैक्ट्री संचालक मदन सारड़ा, पंकज सारड़ा व किसान मौजूद रहे। पहले दिन 4 किसानों का एमएसपी के घोषित भाव 7860 रूपए प्रति क्विंटल से नरमा क्रय किया गया।

उन्होंने बताया कि सूरतगढ़ में नरमा क्रय करने सारड़ा कॉटन फैक्ट्री, राजस्थान कॉटन फैक्ट्री व जय जीण भवानी कॉटन फैक्ट्री को अधिकृत किया है। किसान इन फैक्ट्रियों में नरमा लेकर आयेंगे, जहां एमएसपी पर नरमा क्रय किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नमी मापक यंत्र में नरमे में नमी 8 से 12 फीसदी नीचे होने पर ही क्रय किया जायेगा। इससे अधिक नमी होने पर नरमा क्रय नहीं किया जायेगा।

किसान नरमा बेचने लाने से पहले नरमे को सूखा कर लाएं ताकि उनकी फसल एमएसपी पर बिक सके। दूसरी ओर नई धानमंडी में सोमवार को नरमा बाजार भाव 7400 रूपए प्रति क्विंटल बिका है, यानि किसानों को सीसीआई द्वारा एमएसपी पर खरीद शुरू करने से करीब 460 रूपए का फायदा हुआ

29 जीबी गांव में बंद की खाला खुलवाया

श्रीविजयनगर, (कासं)। 29 जीबी गांव में सोमवार को सिंचाई विभाग ने पुलिस बल की मौजूदगी में एक अवैध रूप से बंद की गई सिंचाई खाला को खुलवाया। यह कार्रवाई एक काश्तकार द्वारा खाला बंद करने के आरोप के बाद की गई, जिससे क्षेत्र के कई किसानों की सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो रही थी।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार यह खाला सरकारी स्वीकृति प्राप्त है और कई किसानों की सिंचाई के लिए महत्वपूर्ण है। इसके बावजूद पास के एक काश्तकार ने इसे बंद कर दिया था, जिससे अन्य किसानों को पानी की आपूर्ति बाधित हो रही थी। विभाग ने संबंधित किसान को पहले कई बार नोटिस जारी किए थे, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। इसके बाद सोमवार को पुलिस बल की तैनाती में जेसीबी मशीन की मदद से खाला खोलने का काम शुरू किया गया।

मौके पर एएसआई पृथ्वी नरूका और हवलदार सुरेन्द्र बिश्नोई, कांस्टेबल भीमसेन, भंवरलाल व निर्मला सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति को रोका जा सके। कार्रवाई के दौरान जिस काश्तकार पर खाला बंद करने का आरोप था, उसने अपनी पानी की डिग्गी का हवाला देते हुए खाली करने के लिए कुछ समय मांगा। विभागीय अधिकारियों ने काश्तकार की बात सुनी लेकिन स्पष्ट किया कि खाला का निर्माण सरकारी योजना के तहत स्वीकृत है और इसे क्षेत्र के व्यापक हित में बाधित नहीं किया जा सकता।

सार-समाचार

आजीविका के स्रोतों की जानकारी दी

उदयरामसर ग्राम पंचायत में कार्यशाला में ट्रेनर रवि कुशवाहा ने महिलाओं को आजीविका के नए स्रोतों की जानकारी दी।

बीकानेर, (कासं)। नारी शक्ति कौशल संवर्धन योजना के तहत जिला प्रशासन तथा महिला अधिकारिता विभाग द्वारा एशियन पेंट की ट्रेनिंग उदयरामसर ग्राम पंचायत में सोमवार को शुरू हुई। महिला अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक डॉ. अनुराधा सक्सेना ने बताया कि 40 बच्चियों को पेंट की बारीकियों को पीपीटी के माध्यम से समझाया गया। जयपुर के ट्रेनर रवि कुशवाहा ने बच्चियों और महिलाओं को आजीविका के नए स्रोतों की जानकारी दी। महिला अधिकारिता सुपरवाइजर रश्मि कल्ला ने विभागीय योजनाओं के बारे में बताया और कहा कि कला को निखार और विकसित कर महिलाएं स्वावलंबन की ओर आगे बढ़ सकती हैं। इस दौरान सरपंच संतोष यादव और उप सरपंच हेमंत यादव ने कहा कि आज महिलाएं किसी क्षेत्र में काम नहीं हैं। प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी योग्यता को साबित किया है। इस दौरान ग्राम पंचायत से निर्मल सारण, अनिता यादव, संजू, आशा, सुरेखा आदि मौजूद रहे।

नवरतन बैद की देहदान

बीकानेर, (कासं)। नवरतन कुमार बैद 72 वर्ष निवासी भीनासर चित्रा फैक्ट्री के पास बीकानेर के निधन पर उनके पुत्र देवेंद्र बैद व परिजनों ने उनकी पार्थिव देह सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज एसपीएमसी के शरीर रचना विभाग में दान किया। इस पुण्य कार्य के लिए अतिरिक्त प्राचार्य डा रेखा आचार्य ने देहदानियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और स्व. बैद को श्रद्धासुमन अर्पित किए। शरीर रचना विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ राकेश मणि ने देहदान को समाज के लिए अति महत्वपूर्ण बताते हुए लोगों को इस नेक कार्य के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि देहदान चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इस अवसर पर डॉ कालूराम मीणा, डॉ रामेश्वर व्यास, कौशल रंगा, डॉ न्यूमन अटल, डॉ भव्या, डॉ पूनम सहित मालचंद सुथार, मनोज वल्लभ व्यास और केशव सिंह उपस्थित रहे और सहयोग प्रदान किया। इस दौरान प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ सुरेंद्र कुमार ने कहा कि देहदान चिकित्सा शिक्षा का आधार है जो मानव शरीर की जटिलताओं को समझने में मदद करता है। यह निःस्वार्थ कार्य केवल चिकित्सा क्षेत्र को सशक्त बनाता है।

ट्रैफिक पुलिस का कारनामा, बिना हेलमेट ऑटो चालक का चालान!

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर में यातायात पुलिस ने अनूठा काम कर दिया। एक ऑटो चालक का चालान इसलिए काट दिया गया क्योंकि उसने हेलमेट नहीं पहना था।

हालांकि ये मामला अप्रैल 2024 का है लेकिन सामने अब आया है। दरअसल टैक्सी चालक ने अपनी टैक्सी बेची तो खरीददार ने आरटीओ के कागजात बनाने का सिलसिला शुरू किया तब पता चला कि कुछ चालान हैं। इन्हीं में एक चालान हेलमेट नहीं पहनने का भी था। मामला सोशल मीडिया में उठा तो पुलिस ने इसके लिए खेद प्रकट कर अपनी जिम्मेदारी से इतिश्री कर ली।

दरअसल एक थ्री-व्हीलर ऑटो चालक संजय आचार्य का चालान बिना हेलमेट वाहन चलाने के आरोप में काट दिया गया। यह मामला 10 अप्रैल 2024 का है। ट्रैफिक पुलिस के सब इंस्पेक्टर अनिल कुमार की ओर से यह चालान एक हजार रूपए का जारी

- **टैक्सी चालक ने अपनी टैक्सी बेची तो खरीददार ने आरटीओ से कागजात बनाने का सिलसिला शुरू किया तब पता चला कि कुछ चालान हैं, इनमें में एक चालान हेलमेट नहीं पहनने का भी**
- **मामला सोशल मीडिया में उठा तो पुलिस ने इसके लिए खेद प्रकट कर इतिश्री कर ली**

किया गया। आचार्य को इसका पता तब चला जब उन्होंने अपना वाहन बेचने के लिए खरीददार को कागजात दिए। खरीददार ने जब ऑनलाइन रिकॉर्ड चैक किया तो पता चला कि आपका तो चालान बकाया है।

संजय ने तुरंत रिकॉर्ड देखा तो तीन-चार पुराने चालान नो पार्किंग जोन के मिले, जिन्हें जमा कर दिया गया। जब एक चालान पर नजर पड़ी तो वे भी दंग रह गए। चालान में लिखा था हेलमेट न पहनने पर चालान हुआ है। संजय ने हैरानी जताते हुए कहा कि मैंने तो पहली बार सुना कि टैक्सी चालक को भी हेलमेट लगाना चाहिए। यातायात पुलिस भी आचार्य को ही चालान जमा करवाने का बोल रही है।

अब यह अजीबोगरीब मामला सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। पुलिस विभाग ने अब एक प्रेस नोट जारी करके कहा है कि ई-चालान डिवाइस के माध्यम से चालान काटा जाता है। जिसमें कई बार मानवीय भूल होती है। इस चालान में भी मानवीय भूल हुई जिसे सही कर दिया गया था। अगर किसी भी चालान में मानवीय भूल हो तो उसे यातायात थाने से इसे सही करवाया जा सकता है।

गंगानगर में सर्दी की दस्तक

श्रीगंगानगर, (कासं)। इस बार सर्दी ने समय से पहले दस्तक दे दी है। उत्तरी हवाओं के असर से मौसम में तेजी से बदलाव आ रहा है। श्रीगंगानगर जिले में पिछले 7 दिनों से रात का तापमान 17 से 19 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है।

सोमवार सुबह कृषि अनुसंधान केन्द्र श्रीगंगानगर पर न्यूनतम तापमान 18.0 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। जिले में सुबह-शाम हल्की ठंडक का अहसास होने लगा है। घरों में एसी और कूलर बंद हो चुके हैं। रात को सिर्फ धीमी स्पीड पर पंखे चल रहे हैं। पिछले 4 दिनों का न्यूनतम तापमान 17 से 18.5 डिग्री के दायरे में रहा। मौसम विभाग ने 27-28 अक्टूबर से दक्षिण-पूर्वी राजस्थान में बारिश का अलर्ट जारी किया है। जिससे सर्दी और रफ्तार पकड़ेगी। इस बार ठंड कड़ाके की और लम्बी चलने की संभावना है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस अब 26-27 अक्टूबर को उत्तर-पश्चिम भारत में एक्टिव होगा। इससे उदयपुर, कोटा, अजमेर, जोधपुर और जयपुर संभाग के कुछ हिस्सों में बारिश हो सकती है।

नशे के खिलाफ पुलिस का सख्त एक्शन

बीकानेर, (कासं)। सदर थाना इलाके के भुट्टों के बास इलाके में पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चलाया। दो गुटों में हुई मारपीट के बाद पुलिस के 12 थानों के 200 से ज्यादा पुलिसकर्मियों ने एक साथ कार्रवाई की तो क्षेत्र में एक बार अफरा-तफरी मच गई।

मारपीट की सूचना मिलते ही पुलिस ने सख्त एक्शन लिया। अपराधियों और नशे के कारोबार पर नकेल कसने के लिए पुलिस ने 12 थाना प्रभारियों और करीब 200 पुलिसकर्मियों की संयुक्त टीम बनाई। इस टीम ने डॉग स्क्वॉयड, घुड़सवार और ड्रोन की मदद से इलाके की सघन तलाशी ली। पुलिस को पहले से ही इनपुट मिले थे कि इस क्षेत्र में नशे का कारोबार और असामाजिक गतिविधियां बढ़ रही हैं। इसके बाद पुलिस ने देर रात एक्शन प्लान तैयार कर ऑपरेशन को अंजाम दिया। पुलिस ने दोनों गुटों के कई लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं कुछ युवकों के पास से नशीले पदार्थों की खेप भी बरामद की गई है।

- **दो गुटों में मारपीट के बाद 12 थानों के 200 से ज्यादा जवानों ने घरों की तलाशी ली तो क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गया**

सदर थाना क्षेत्र का यह इलाका एमडी, स्मैक और अन्य ड्रग्स की सप्लाई के लिए कुख्यात माना जाता है। इस दौरान आने-जाने वाली तमाम गाड़ियों की भी सघन जांच की गई। एएसपी सिटी सौरभ तिवारी के नेतृत्व में चला यह ऑपरेशन अपने आपमें अब तक का सबसे बड़ा पुलिस सर्च अभियान बताया जा रहा है। पुलिस पिछले तीन दिन से शहर में अपराधियों और ड्रग्स नेटवर्क पर लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने 170 बीएनएस में 30 लोगों को गिरफ्तार किया। 27 बाइक्स को जब्त किया गया।

गोपाष्टमी को शहर कांग्रेस करेगी उपवास

बीकानेर, (कासं)। यहां गोचर भूमि को रेजिडेंशियल घोषित करने के मामले में कांग्रेस बड़ा आंदोलन करेगी। आंदोलन की पहली कड़ी के रूप में 30 अक्टूबर को जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने कांग्रेस धरना देगी और कांग्रेस कार्यकर्ता उपवास रखेंगे। पूर्व मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला भी उपवास रखेंगे।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष यशपाल गहलोत के नेतृत्व में गोचर बचाने को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। पार्टी प्रवक्ता विकास तंवर ने बताया कि बीकानेर गोचर भूमि को बीकानेर विकास प्राधिकरण और राज्य की भाजपा सरकार ने जबरन अराजीराज किया है। इसका विरोध करने के लिए शहर कांग्रेस सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक उपवास करेगी।

उपवास कार्यक्रम में पूर्व मंत्री डॉ बी. डी. कल्ला भी मौजूद रहेंगे। कांग्रेस का कहना है कि राज्य की भाजपा सरकार को चेतावनी दी जायेगी। गोचर भूमि बीकानेर के तत्कालीन भामाशाहों ने सरकार से खरीद कर गोचर के लिए दान दी थी। उस जमीन पर राज्य सरकार या प्राधिकरण किस आधार से अपना हक जता रहा है। प्रवक्ता अनिल सारडा ने बताया कि इस उपवास कार्यक्रम में बीकानेर शहर जिला कांग्रेस, जिले के प्रदेश पदाधिकारी, पार्षद, ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई, यूथ कांग्रेस, मंडल कांग्रेस, इंटक के साथ सभी विभागों और प्रकोष्ठों के पदाधिकारी कार्यकर्ता इससे जुड़ेंगे।

मूंग से भरा कैंटर पलटा

श्रीकरणपुर, (कासं)। भारतमाला हाईवे पर आज सुबह एक कैंटर और ओवरलोड ट्रोले के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में मूंग से भरा कैंटर पलट गया, जिससे मूंग हाईवे पर बिखर गई और ट्रैफिक बाधित हो गया।

पुलिस ने बताया कि एक कैंटर श्रीकरणपुर से मूंग की फसल को श्रीगंगानगर ले जा रहा था। वहीं गुणे की गंठों से लदा ओवरलोड ट्रोला पंजाब से बीकानेर के छतरगढ़ गांव जा रहा था। श्रीकरणपुर से रवाना होने के बाद गांव रामगढ़संघर के मोड़ पर भारतमाला हाईवे पर यह टक्कर हुई। टक्कर के बाद मूंग के गट्टे हाईवे पर फैल गए। हादसे की सूचना मिलते ही केसरीसिंहपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ट्रैफिक सुचारू करने के लिए बिखरी हुई मूंग को हाईवे से हटाने का काम शुरू किया।

ट्रक मालिक ने ट्रेन के आगे कूदकर सुसाइड किया

नोखा, (कासं)। नोखा में ट्रक मालिक ने ट्रेन के आगे कूदकर सुसाइड कर लिया। बिजनस पार्टनर समेत 4 लोगों को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया।

मरने से कुछ घंटे पहले सोशल मीडिया पर एक सुसाइड नोट पोस्ट किया जिसमें लिखा कि मैं अपनी जिंदगी आराम से जी रहा था, लेकिन रामनिवास, लिछमणराम उर्फ पप्पू पुत्र कुम्भाराम भादू और दो अन्य लोगों के कारण मेरी जिंदगी खत्म हो रही है। घटना नोखा के सर्वोत्तम सीमेंट फैक्ट्री नागौर रोड रेलवे ट्रैक की है। मृतक के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाधिकारी अरविंद भारद्वाज ने बताया

- **सुसाइड नोट में बिजनस पार्टनर सहित 4 लोगों को जिम्मेदार ठहराया**

कि रोड़ा गांव निवासी जगदीश प्रसाद बिश्नोई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनके बेटे मांगीलाल (35) ने आत्महत्या करने से पहले अपने फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट पर सुसाइड नोट पोस्ट किया।

मांगीलाल ने सुसाइड नोट में लिखा कि मैं रामनिवास, लिछमणराम और दो अन्य लोगों के कारण ये कदम उठा रहा हूं। भगवान उन्हें माफ नहीं करेगा। मेरा परिवार निर्दोष है। मेरे को माफ करना। मेरे घर पर एक फोन पड़ा है, जिसमें मेरी मौत से संबंधित पूरे सबूत मौजूद हैं। मांगीलाल के पिता जगदीश बिश्नोई का कहना है कि लिछमणराम और मृतक मांगीलाल पहले बिजनस पार्टनर थे। रामनिवास और लिछमणराम सहित दो अन्य लोगों ने मिलकर मेरे बेटे को आत्महत्या के लिए मजबूर किया।थानाधिकारी ने बताया कि मांगीलाल के पास 5 ट्रक है। मांगीलाल की 15 साल पहले शादी हुई थी। ट्रक मालिक मांगीलाल रात को घर लेट आया था और सुबह 4 बजे एक ड्राइवर को लाने के लिए कहकर घर से निकला था। पुलिस को रेलवे ट्रैक के पास बाइक मिली जिससे शव की पहचान कर घर वालों को सूचना दी।

30 लोगों को किया डिटेन : पदमपुर पुलिस ने सोमवार सुबह कार्रवाई करते हुए धानमंडी क्षेत्र की झुग्गी-झोपडियों पर दबिश दी। इस दौरान करीब 30 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। यह कार्रवाई एसपी अमृता दुहन के निर्देश पर की गई।

विद्यार्थियों को सफलता के सूत्र बताते हुए व्यसन मुक्त रहने के लिए प्रेरित किया

बीकानेर, (कासं)। तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम बीकानेर द्वारा तेरापंथ भवन गंगाशहर में मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

आयोजन को संबोधित करते हुए उग्रविहारी तपोमूर्ति मुनि कमल कुमार ने कहा कि विद्यार्थी को अपना चरित्र उज्जवल बनाना चाहिए। उसका आचार अच्छा होना चाहिए। आचार ही प्रथम धर्म है। विद्वता के साथ चरित्रवान होने की ज्यादा आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि धन से भी अधिक महत्व चरित्र का है। उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता के सूत्र बताते हुए व्यसन मुक्त रहने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि नैतिकता, प्रामाणिकता, पवित्रता, शालीनता और मिलनसारिता आदि विद्यार्थी के जीवन और व्यवहार में आए। मुनि श्रेयांश कुमार ने सुमधुर गीतिका द्वारा जीवन का विकास करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के स्टाफ ऑफिसर डॉ. अशोक शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी अपना लक्ष्य तय कर निरंतर अभ्यास करें तथा आत्मविश्वास के साथ तैयारी करें तो उसे निश्चित रूप से सफलता प्राप्त होती है। वर्तमान समय के प्रतिस्पर्धी वातावरण में आत्मविश्वास बनाए रखें। दृढ़ निश्चय से तैयारी करें तथा बाधाओं का सामना करने की सकारात्मक सोच रखें। विद्यार्थियों को अपना स्क्रीन टाइम न्यूनतम करना चाहिए। मोबाइल, टीवी व कंप्यूटर पर अनावश्यक बिताया गया समय लक्ष्य में बाधक बनता है।

तेरापंथ भवन गंगाशहर में तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

- **बच्चों की इच्छा व रूचि के अनुरूप कैरियर निर्धारित करने की सलाह दी**

उन्होंने अभिभावकों को बच्चों की इच्छा व रूचि के अनुरूप कैरियर निर्धारित करने की सलाह दी। विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त निदेशक जितेन्द्र गुप्ता ने अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि घर का वातावरण सकारात्मक व ऊर्जामय होना चाहिए। माता-पिता बच्चों के मित्र बनकर उन्हें प्रेरित करें। ध्यान के माध्यम से एकाग्रता बढ़ाएं तथा बुद्धि को चेतन करें।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- भू.वि./2025-26/ **उजरदायरी** दिनांक : 27.10.2025
नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर की सद्भावना नगर योजना में आवंटित भूखण्ड संख्या 1-एम-12 माप 20'-0'' गुणा 40'-0'' फीट को श्रीमती नीलम शर्मा पत्नी श्री औंकार नाथ को आवंटित किया जाकर दिनांक 20.08.2004 को पटटा जारी किया गया। श्रीमती नीलम शर्मा पत्नी श्री औंकार नाथ की मृत्यु दिनांक 04.04.2023 को हो चुकी है। श्रीमती नीलम शर्मा पत्नी श्री औंकार नाथ द्वारा पंजीकृत इच्छा पत्र के जरिये दिनांक 09.01.2013 को अपने पुत्र श्री रवि हस्तीर पुत्र स्व. श्री औंकार नाथ शर्मा के नाम पर कर दिया गया। आवेदक श्री रवि हस्तीर पुत्र स्व. श्री औंकार नाथ शर्मा निवासी डबल्यू जैड-668/5, गली नं-2, प्लाट नं.145, श्रीनगर कलौनी, नजदीक शकूर बस्ती, दिल्ली द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र, पंजीकृत इच्छा पत्र की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड का अपने नाम से नामान्तरण करवाने हेतु निवेदन किया है। यह उजरदायरी साया करते हुए हर आम व खास, हितबद्ध को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के वारिसान / वसीयत के संबंध में किसी को कोई एतराज हो तो उजरदायरी प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस में मय सबुत न्यास कार्यालय में प्रस्तुत करें। समयावधि व्यतीत होने के बाद कोई उजर मान्य नहीं होगा एवं न्यास कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही कर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री रवि हस्तीर पुत्र स्व. श्री औंकार नाथ शर्मा निवासी डबल्यू जैड-668/5 गली नं-2, प्लाट नं. 145, श्रीनगर कलौनी, नजदीक शकूर बस्ती, दिल्ली के नाम से कर दिया जावेगा।
Rajkaj Ref. No. 18456033 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक : नियमन/2025/RajKaj Ref No.: 18435650 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 27-10-2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 63 के किला नं. 14, 15 में भूखण्ड संख्या का माप 30' गुणा 60' फीट के नियमन/पटटा हेतु आवेदक श्रीमती राकेश कुमारी पत्नी श्री हरबंश लाल निवासी 20 सी गली नं. 01 नजदीक गोली फैक्ट्री सेतिया कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती राकेश कुमारी पत्नी श्री हरबंश लाल निवासी 20 सी गली नं. 01 नजदीक गोली फैक्ट्री सेतिया कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 63 के किला नं. 14, 15 में भूखण्ड संख्या का माप 30' गुणा 60' फीट का नियमन/पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। RajKaj Ref No.: 18435650 -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक : नियमन/2025/RajKaj Ref No.: 18377127 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 27-10-2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 08 के किला नं. 10 में भूखण्ड माप 55 इन्दू 65 फीट, श्रीगंगानगर का पटटा संख्या 1849 दिनांक 10.09.2013 को श्री भगवान दास पुत्र श्री अर्जुन दास के नाम से जारी किया हुआ है। श्री शंकर लाल सारड़ा पुत्र श्री मोहन लाल सारड़ा द्वारा उक्त भूखण्ड में से माप 27.6 इन्दू 65 फीट का दक्षिणी हिस्सा जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 28.05.2025 को एवं श्रीमती सरोज देवी सारड़ा पत्नी श्री शंकर लाल सारड़ा द्वारा शेष भूखण्ड माप 27.6 इन्दू 65 फीट उत्तरी हिस्सा को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 28.05.2025 को क्रय कर, स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पटटा एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर उक्त भूखण्ड का फ्री होल्ड पटटा जारी करने हेतु आवेदन किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवेदन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। RajKaj Ref No.: 18377127 -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक : नियमन/2025/RajKaj Ref No.: 18420889 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 27-10-2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 70 के किला नं. 16 में भूखण्ड माप 40 गुणा 65 फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री धर्मेन्द्र कुमार पुत्र श्री कृष्ण लाल निवासी मकान नम्बर 9/241 बीएसएनएल एक्सचेंज के पास, हनुमानगढ़ जंक्शन द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री धर्मेन्द्र कुमार पुत्र श्री कृष्ण लाल निवासी मकान नम्बर 9/241 बीएसएनएल एक्सचेंज के पास, हनुमानगढ़ जंक्शन द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 70 के किला नं. 16 में भूखण्ड माप 40 गुणा 65 फीट का नियमन/पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। RajKaj Ref No.: 18420889 -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर
क्रमांक- LU2012/SGN/2025-26/101444 **लोक सूचना** दिनांक- 27.10.2025
श्री अनंत राम बंसल चैरिटेबल ट्रस्ट जरिये अध्यक्ष गौरीशंकर बंसल पुत्र श्री अनंत राम बंसल निवासी 45-46, लक्ष्मी नगर, गली नं. 1, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का सामुदायिक भवन (धर्मशाला) प्रयोजनार्थ के उपयोग हे